# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 06 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 158

## महत्वपूर्ण एवं खास

### देश में कोविड के 324 नए मामले आए सामने, उपचाराधीन मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोविड-19 के 324 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढक़र 2,791 हो गयी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, मृतकों की संख्या 5,30,775 पर स्थिर है. संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,87,820 हो गयी है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत दर्ज की गयी. इस बीमारी से उबर चुके लोगों की संख्या बढक़र 4,41,54,254 दर्ज की गयी, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गयी. आंकड़ों के अनुसार, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 220.64 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.

### भारत में अवैध रूप से रहने वाले म्यांमा के नागरिक को तीन साल की कैद

**मुजफ्फरनगर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले की एक अदालत ने अवैध रूप से भारत में रहने के दोषी म्यांमा के एक नागरिक को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन अधिकारी आनंद भास्कर ने बताया कि म्यांमा के नागरिक अब्दुल मजीद को साल 2019 में शामली जिले के थाना भवन क्षेत्र में वीजा और पासपोर्ट के बगैर रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। और उसके कब्जे से फर्जी दस्तावेज की बरामद हुए थे। वह इसके बाद से ही जेल में था। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विजय वर्मा ने शनिवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मजीद को दोषी ठहराते हुए 3 साल की कैद और 23 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### ममता शर्मसार : प्लास्टिक की थैली में लपेटकर कचरे में फेंका नवजात, कई वाहनों ने कुचला; क्षत-विक्षत मिला शव

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरु में रविवार को प्लास्टिक की थैली में एक नवजात का शव मिला। नवजात को कई वाहनों ने कुचला था। घटना बेंगलुरु के अमृतहल्ली इलाके के पंपा लेआउट में हुई। पुलिस के अनुसार, चार से पांच महीने की उम्र के बच्चे को प्लास्टिक के कवर में लपेट कर बीबीएमपी कचरा ट्रक में फेंक दिया गया था। बीबीएमपी कचरा ट्रक में प्लास्टिक कवर में लिपटा नवजात नीचे गिर गया और सडक़ पर चल रहे वाहन उसके ऊपर चढ़ गए। पुलिस ने बताया कि शव क्षत-विक्षत होने के कारण यह पता नहीं चल सका है कि यह लडक़ा है या लडक़ी। आशंका जताई जा रही है कि जन्म छिपाने के लिए अपराधियों ने नवजात को कचरे में फेंक दिया। कवर के अंदर शव को देख कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### बीएसएफ ने एक बार फिर दिया मानवता का परिचय, बांग्लादेश से भारत भागकर आई लड़की को उसके परिवार को सौंपा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए बांग्लादेश से सीमा पार कर भारत आई एक किशोरी को वापस उसके परिवार को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक ये किशोरी गायिका बनने का सपना लेकर बांग्लादेश से भागकर भारत की सीमा में दाखिल हो गयी थी। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि दक्षिण बंगाल सीमांत के बीएसएफ जवानों ने बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के माध्यम से एक बांग्लादेशी किशोरी को उसके माता-पिता को सद्भावना के रूप में सौंप दिया, जो कि बेहतर अवसरों की उम्मीद के साथ गायिका बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए अपने घर से भागकर भारत की सीमा में प्रवेश कर गई थी।

एक अधिकारी के मुताबिक शनिवार को ये किशोरी बांग्लादेश से भारत की सीमा में दाखिल हुई थी। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने किशोरी से पूछताछ की तो उन्हें कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आया। इसके बाद बीएसएफ द्वारा बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें इसकी जानकारी दी गयी। फिलहाल किशोरी को उसके परिवार के हवाले कर दिया गया है।

## होली में खलल डालेगा मौसम, 10 राज्यों में बारिश का अलर्ट, हिमाचल-जम्मू में बर्फबारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** होली से पहले एक बार उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एकदम से गर्मी की शुरुआत के बाद अब फिर से भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। आईएमडी ने 10 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया है। खासकर पांच राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू कश्मीर में बर्फबारी जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली और एनसीआर में भी मौसम बदल सकता है।



मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। साथ ही यह भी बताया है कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, अंडमान-निकोबार, सिक्किम और मेघालय में छिटपुट बारिश जारी रह सकती है। पिछले कुछ दिनों से यहां बारिश हो रही है। आईएमडी का कहना है कि हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। यहां अगले कुछ दिन तापमान बढऩे की संभावना कम है। मौसम विभाग का कहना है कि जिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में अधिकतम तापमान 28 से 32 डिग्री तक रह सकता है।

दक्षिण राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। यहां अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री तक रह सकता है।

होली आने वाली है और दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदल रहा है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। यहां अधिकतम तापमान 28 से 32 डिग्री तक रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमन 15 डिग्री तक रहेगा। अगले दो से तीन दिन मौसम ऐसे ही बना रह सकता है।

### 4 बार भूकंप के झटकों से डोली उत्तरकाशी की धरती

बीती देर रात उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक के बाद एक चार बार भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद दहशत में आए लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई। रात 12 बजे से 1.00 बजे के बीच ये झटके महसूस किए गए। हालांकि कहीं से भी कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र सभी तहसीलों से संपर्क बनाए हुए है। बता दें कि भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए और पूरी रात सडक़ों पर ही गुजारी। गौरतलब है कि उत्तरकाशी भूकंप की दृष्टि से काफी संवेदनशील है और जोन 5 में आता है। गौरतलब है कि पिछले एक महीने में 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## हिजाब पहनकर परीक्षा नहीं दे पाएंगी मुस्लिम छात्राएं, शिक्षा मंत्री बोले- नियमों का पालन करना होगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हिजाब पहनने वाले छात्रों को 9 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी) की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ये जानकारी कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तरह, इस साल भी छात्रों को यूनिफॉर्म पहननी होगी। हिजाब पहनने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का पालन करना होगा। शिक्षण संस्थान और सरकार निर्धारित नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं।

वहीं बीसी नागेश ने यह भी कहा कि हिजाब प्रतिबंध के बाद परीक्षा में बैठने वाले मुस्लिम छात्रों की संख्या में सुधार हुआ है, हालांकि, उन्होंने अपने दावों को साबित करने के लिए कोई सटीक संख्या नहीं बताई। उन्होंने दावा किया कि हिजाब पर प्रतिबंध के बाद अधिक मुस्लिम बहनें परीक्षा में शामिल हुईं, और अब अधिक मुस्लिम छात्राओं का नामांकन हुआ है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक में सरकारी संस्थानों को छात्राओं को हिजाब पहनकर परीक्षा देने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध करने की याचिका खारिज कर दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा, मैं एक बेंच बनाउंगा। इस मामले में एक वकील ने इस आधार पर याचिका की तत्काल सुनवाई की मांग की थी कि लड़कियां एक और शैक्षणिक वर्ष खोने के कगार पर हैं क्योंकि 9 मार्च से उन सरकारी स्कूलों में क्क्ष्ट की परीक्षाएं शुरू होनी हैं जहां हिजाब की अनुमति नहीं है।

वकील ने कहा था कि परीक्षा पांच दिनों के बाद आयोजित होने वाली है। उन्होंने आगे कहा, उनका एक साल बर्बाद हो चुका है। उनका यह साल भी बर्बाद हो जाएगा।

## यूपी के उन्नाव में 15 साल की रेप पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

**उन्नाव (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है। अस्पताल ने पुष्टि की कि मां-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बच्ची को शुक्रवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने संवाददाताओं को बताया कि उनके इलाके में रहने वाले 17 वर्षीय युवक ने करीब नौ महीने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। उन्होंने कहा, उसने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने अपने परिवार के सदस्यों को रेप के बारे में बताया तो वह उसे मार डालेगा।



परिवार को उसके गर्भवती होने के बारे में पांच महीने पहले पता चला, जब उसने पेट में दर्द की शिकायत की। परिजन उसे स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास ले गए, जिसने बाद में चिकित्सकीय जांच के बाद उसके गर्भवती होने की पुष्टि की। इसके बाद उसके परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और लखनऊ की किशोर जेल भेज दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शशि शेखर सिंह ने कहा कि परिवार ने पांच महीने पहले एक नाबालिग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा, पुलिस ने आरोपी हिरासत में ले लिया और पूछताछ के बाद लखनऊ में किशोर जेल भेज दिया। मां-बच्चे की सुरक्षा के लिए अस्पताल में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

## न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट में नशेड़ी ने किया तांडव

❑ **साथी यात्री पर किया पेशाब**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हवाई सफर में पेशाब करने का एक और मामला सामने आया है। दरअसल, न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आने वाली अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट में एक यात्री ने नशे में धुत होकर अपने साथी यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया। सूत्रों ने मीडिया को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या ई292 में घटी। यह फ्लाइट न्यूयॉर्क से शुक्रवार रात 9:16 बजे उड़ान भरी थी और 14 घंटे 26 मिनट की उड़ान के बाद शनिवार रात 10:12 बजे यहां इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड की थी।

एयरपोर्ट के एक सूत्र ने बताया, आरोपी कथित तौर पर अमेरिकी विश्वविद्यालय का छात्र है और नशे की हालत में सोते समय उसने पेशाब कर दिया था। यह किसी तरह लीक हो गया और एक साथी यात्री पर गिर गया, जिसने चालक दल से इसकी शिकायत कर दी।'

सूत्र ने बताया कि उस छात्र ने इस गंदी हरकत के लिए माफी मांगी, इसके बाद पीड़ित यात्री ने उनके खिलाफ केस दर्ज करने से मना कर दिया क्योंकि इससे उसका करियर बिगड़ सकता था। हालांकि, एयरलाइन ने इसे गंभीरता से लिया और आईजीआई एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने सीआईएसएफ कर्मियों को सतर्क कर दिया, जिन्होंने आरोपी यात्री को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।



इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले साल नवंबर में इसी तरह का एक मामला सामने आया था, जहां नशे में धुत एक शख्स (शंकर मिश्रा) ने न्यूयॉर्क से नई दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में एक बुजुर्ग महिला पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। इस घटना के करीब एक महीने बाद मिश्रा पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

इसके बाद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था और लगभग एक महीने जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। घटना के 12 घंटे के भीतर मामले की सूचना नहीं देने पर डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। मिश्रा पर चार महीने के लिए उड़ान भरने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## पहली बार समुंद्र में आईएनएस विक्रांत पर होगा नौसेना कमांडरों का सम्मेलन

❑ **राजनाथ सिंह स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सवार नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नौसेना कमांडरों का सम्मेलन कल से शुरू होने वाला है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सम्मेलन के उद्घाटन के दिन आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। पहली बार भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित किया जा रहा है। पहली बार भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के सम्मेलन की नवीनता इस तथ्य में निहित है कि कमांडरों के सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन सैन्य-रणनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के साथ-साथ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए नौसेना कमांडरों के लिए एक मंच के रूप में होता है। रक्षा स्टाफ के प्रमुख और भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुख भी बाद के दिनों में नौसेना के कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे, ताकि तीन सेवाओं के अभिसरण के साथ-साथ सामान्य परिचालन वातावरण और त्रि-सेवा को बढ़ाने के रास्ते को संबोधित किया जा सके। देश की रक्षा और भारत के राष्ट्रीय हितों के प्रति तालमेल और तत्परता। पहले दिन की गतिविधियों के हिस्से के रूप में समुद्र में परिचालन प्रदर्शन की भी योजना है।नौसेनाध्यक्ष, अन्य नौसेना कमांडरों के साथ पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना द्वारा किए गए प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे और महत्वपूर्ण गतिविधियों और पहलों के लिए भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। . सम्मेलन के दौरान, नौसेना कमांडरों को 22 नवंबर को भारतीय नौसेना में निष्पादित 'अग्निपथ योजना' पर अपडेट भी प्रदान किया जाएगा। जबकि ग्नीवीरों का पहला बैच, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों की महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी शामिल है, 23 मार्च के अंत में आईएनएस चिल्का से पास आउट होने वाला है। इस क्षेत्र में मौजूदा भू-रणनीतिक स्थिति के कारण सम्मेलन का अपना महत्व और प्रासंगिकता है। नौसेना ने भारत के बढ़ते समुद्री हितों के अनुरूप पिछले कुछ वर्षों में अपने परिचालन कार्यों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है। कमांडर हमारे समुद्री हितों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए नौसेना की तैयारी पर भी विचार-विमर्श करेंगे। भारतीय नौसेना एक युद्ध-तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य-प्रूफ बल होने पर केंद्रित है और देश के समुद्री सुरक्षा गारंटर के रूप में अपने जनादेश को परिश्रम से निष्पादित करना जारी रखती है।



## आईएनएस त्रिकांड ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलास एक्सप्रेस 23 में लिया भाग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईएनएस त्रिकंद 26 फरवरी से 16 मार्च तक खाड़ी क्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास/कटलेस एक्सप्रेस 2023 (आईएमएक्स/सीई-23) में भाग ले रहा है। इसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना और क्षेत्र में समुद्री लेन को समुद्री वाणिज्य के लिए सुरक्षित रखना है। आईएमएक्स/सीई-23 दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यासों में से एक है। जबकि यह भारतीय नौसेना की पहली आईएमएक्स भागीदारी है, यह दूसरे अवसर को भी चिन्हित करता है जहां सीएमएफ द्वारा आयोजित अभ्यास में एक भारतीय नौसेना जहाज भाग ले रहा है। इससे पहले, 22 नवंबर को आईएनएस त्रिकांड ने सीएमएफ के नेतृत्व वाले ऑपरेशन सी सोर्ड 2 में भाग लिया था। सी स्वॉर्ड 2 और आईएमएक्स/सीई-23 जैसे अभ्यासों में भागीदारी भारतीय नौसेना को आईओआर में समुद्री भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने और अंतर-संचालनीयता और सामूहिक समुद्री क्षमता बढ़ाने में सक्षम बनाती है। यह नौसेना को क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा में रचनात्मक योगदान करने में भी सक्षम बनाता है।



## सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक 460 परियोजनाओं में देरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सडक़ परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक 460 परियोजनाएं लंबित हैं। इसके बाद रेलवे की 117 और पेट्रोलियम क्षेत्र में 90 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। सरकार की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर जनवरी, 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, सडक़ परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में 749 में से 460 परियोजनाओं में देरी हो रही है। रेलवे की 173 में से 117 परियोजनाएं अपने समय से पीछे चल रही हैं। वहीं पेट्रोलियम क्षेत्र की 152 में से 90 परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं।



अवसंरचना एवं परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। आईपीएमडी, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे अधिक देरी वाली परियोजना हैं। यह अपने निर्धारित समय से 276 महीने पीछे है।

दूसरी सबसे देरी वाली परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारापूला रेल परियोजना है। इसमें 247 माह का विलंब है। इसके अलावा बेलापुर-सीवुड शहरी विद्युतीकरण दोहरी लाइन परियोजना अपने निर्धारित समय से 228 महीने पीछे है।

जनवरी, 2023 की रिपोर्ट में 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली केंद्रीय क्षेत्र की 1,454 परियोजनाओं का ब्योरा है।

रिपोर्ट के अनुसार, 871 परियोजनाएं अपने मूल समय से पीछे हैं। वहीं 272 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनमें पिछले माह की तुलना में विलंब की अवधि और बढ़ी है। इन 272 परियोजनाओं में से 59 विशाल यानी 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं हैं।

सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि 749 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 4,09,053.84 करोड़ रुपये थी, जिसके अब बढक़र 4,27,518.41 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस तरह इन परियोजनाओं की लागत 4.5 प्रतिशत बढऩे का अनुमान है।

जनवरी, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 2,34,935.32 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जो मूल लागत का 55 प्रतिशत है।

इसी तरह रेलवे क्षेत्र में 173 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 3,72,761.45 करोड़ रुपये थी, जिसे बाद में संशोधित कर 6,26,632.52 करोड़ रुपये कर दिया गया। इस तरह इनकी लागत में 68.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इन परियोजनाओं पर जनवरी, 2023 तक 3,72,172.64 करोड़ रुपये या परियोजनाओं की अनुमानित लागत का 59.4 प्रतिशत खर्च किया जा चुका है।

पेट्रोलियम क्षेत्र की 152 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 3,78,090.07 करोड़ रुपये थी, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 3,96,608.48 करोड़ रुपये कर दिया गया। इन परियोजनाओं की लागत में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

जनवरी 2023 तक इन परियोजनाओं पर 1,49,364.38 करोड़ रुपये या उनकी अनुमानित लागत का 37.7 प्रतिशत खर्च हो चुका है।